पत्रांक–9 / विविध (एल0पी0सी0)–15 / 2020–                    (9) / रा0,

# बिहार सरकार
# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**प्रेषक,**

**राकेश कुमार,** भा0प्र0से0
**निदेशक, चकबंदी।**

सेवा में,

ई मेल    सभी समाहर्त्ता,
**बिहार।**

पटना–15, दिनांक– ..........................................

**विषय – भू–अर्जन के मामलो में अंचल स्तर से ऑफलाईन भूमि दखल–कब्जा प्रमाण–पत्र (L.P.C) निर्गत करने की समय–सीमा को विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

**प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–1806(09), दिनांक–18.07.2023**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संदर्भ में कहना है कि राज्य अन्तर्गत अंचल कार्यालय स्तर से ऑन–लाईन भूमि दखल कब्जा प्रमाण पत्र (एल0पी0सी0) निर्गत करने की कार्रवाई चल रही है। राज्य में जमाबंदियों को डिजिटाइज्ड कर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विभागीय पोर्टल http://biharbhumi.bihar.gov.in पर सभी भू–धारियों एवं आम नागरिकों के लिए सार्वजनिक कर प्रकाशित करने की कार्रवाई जारी है। यद्यपि अंचल स्तर से वर्तमान में केवल ऑनलाईन माध्यम से ही भूमि दखल कब्जा प्रमाण पत्र (L.P.C) निर्गत करने की कार्रवाई की जा रही है तथापि, विशेष परिस्थिति में यथा–भू–अर्जन के मामलों में ऑफ–लाईन भूमि दखल–कब्जा प्रमाण पत्र निर्गत करने की पूर्व निर्धारित समय–सीमा दिनांक–31.12.2024 को समाप्त हो गई है।

अतएव सम्यक् विचारोपरान्त विशेष परिस्थिति में यथा–भू–अर्जन के मामलो में ऑफ लाईन भूमि दखल–कब्जा प्रमाण पत्र (L.P.C) निर्गत करने की कार्रवाई दिनांक–31.12.2025 तक जारी रखने का निर्णय सरकार स्तर पर लिया गया है।

अतः अनुरोध है कि उक्त के आलोक में विशेष परिस्थिति में यथा भू–अर्जन के मामलो में ऑफ लाईन भूमि दखल–कब्जा प्रमाण पत्र (L.P.C) निर्गत करने हेतु अधीनस्थ अंचलाधिकारियों को अपने स्तर से निदेशित एवं संसूचित करने की कृपा की जाय।

**विश्वासभाजन,**

**ह0 / –**
**(राकेश कुमार)**
**निदेशक, चकबंदी।**

कृ0पृ0उ0

D:\Snail secon-9\2024\Sunil sir\letter (09).doc-281

ज्ञापांकः–9 / विविध (एल0पी0सी0)–15 / 2020–......................(9) / रा0, पटना–15, दिनांक– ..............................

ई–मेल

प्रतिलिपिः–सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार / सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
(राकेश कुमार)
निदेशक, चकबंदी।

ज्ञापांकः–9 / विविध (एल0पी0सी0)–15 / 2020–...............(9) / रा0, पटना–15, दिनांक– ..............................

प्रतिलिपिः–निदेशक, भू–अर्जन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
(राकेश कुमार)
निदेशक, चकबंदी।

ज्ञापांकः–9 / विविध (एल0पी0सी0)–15 / 2020–...72.....(9) / रा0, पटना–15, दिनांक– 09-01-2025

प्रतिलिपिः–विभागीय आई0टी0मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

09/01/2025
(राकेश कुमार)
निदेशक, चकबंदी।

D:\Shail secon-9\2024\Sunil sir\letter_(09).doc-282